पत्रांकः–3प / विविध–17–28 / 2019 / 2783 / पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषकः

**चन्द्रशेखर सिंह, भा०प्र०से०**
निदेशक।

सेवा में,

जिला पंचायत राज पदाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक 14 / 05 / 2020

**विषयः–** **मुजफ्फरपुर जिले के A.E.S प्रभावित पाँच प्रखण्डों में "हर घर नल का जल" से संबंधित समीक्षा बिन्दु के अनुपालन प्रतिवेदन के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर का ज्ञापांक–1454 / गो०, दिनांक–16.04.2020।**

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के संबंध में जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में दिनांक–16.04.2020 को A.E.S. से सर्वाधिक प्रभावित पाँच प्रखण्डों में सर्वेक्षित परिवारों को पंचायती राज विभाग से संबंधित "हर घर नल का जल" योजना की उपलब्धता हेतु सम्पन्न बैठक की कार्यवाही विभाग को उपलब्ध करायी गयी है।

उपरोक्त कार्यवाही में क्रमांक–6(क) के कंडिका–(i) से (iv) तक पंचायती राज विभाग से संबंधित अनुपालन बिन्दुओं का उल्लेख किया गया है। जिसमें मुजफ्फरपुर जिले के पाँच प्रखण्ड (i) मुशहरी (ii) काँटी (iii) मोतीपुर (iv) मीनापुर एवं (v) बोचहाँ से संबंधित कतिपय वार्डों में "हर घर नल का जल" योजना का कार्य प्रारम्भ नहीं किया जाना, जमीन की समस्या एवं समाधान तथा मुखिया अथवा वार्ड सदस्य के असहयोग के कारण योजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं का उल्लेख किया गया है। विभागीय स्तर से प्रत्येक बिन्दुओं के संबंध में आवश्यक अनुदेश दिये जा चुके हैं एवं आप अवगत हैं कि प्राथमिकता के आधार पर दिनांक–15.06.2020 तक निश्चित रूप से पूर्ण किया जाना अपेक्षित है।

जिला स्तर पर पंचायती राज विभाग से संबंधित योजनाओं का अनुश्रवण, पर्यवेक्षण एवं क्रियान्वयन बिन्दुओं का दायित्व आपका है।

अतः दिनांक–16.04.2020 के बैठक की कार्यवाही से संबंधित अनुपालन बिन्दुओं के संबंध में बिन्दुवार कृत कार्रवाई के प्रतिवेदन से विभाग को शीघ्र अवगत कराया जाये।

विश्वासभाजन
13/5/2020
(चन्द्रशेखर सिंह)
निदेशक

ज्ञापांकः–3प / विविध–17–28 / 2019 / 2783 / पं०रा०, दिनांक–14 / 05 / 2020

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर / उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/5/20
(चन्द्रशेखर सिंह)
निदेशक

D:\Sashi (Sec-03)\2019 sashi (P.K.V)\anil sir.docx 245